नईदुनिया 17/6/2019

योग में डिप्लोमाधारी हर माह कमा रहे एक लाख रुपए तक

देवी अहिल्या विवि के योग विभाग में शुरू हुए योग में बीए, बीएससी

इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

फाइल फोटो

योग में बिजनेस करने की बेहतर संभावनाएं खुल गई हैं। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के योग अध्ययनशाला में एक साल का डिप्लोमा करके युवा हर महीने एक लाख रुपए तक कमा रहे हैं। योग में रुचि और कॅरियर ग्रोथ को देखते हुए यूनिवर्सिटी योग में बीए और बीएससी कोर्स भी शुरू करने जा रही है। स्टूडेंट्स के साथ ही वर्किंग लोग भी इसमें प्रवेश ले सकेंगे। बीए और बीएससी में 25-25 सीटों पर प्रवेश होंगे। फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 25 जून है।

योग थैरेपी से दूर हो रही बीमारियां

योग अध्ययनशाला के प्रमुख डॉ. एसएस शर्मा कहते हैं विभाग अब तक योग में डिप्लोमा कराते रहा है। इसके बेहतर परिणाम देखने को मिल रहे हैं। एक साल के डिप्लोमा के बाद 90 फीसदी से ज्यादा युवाओं को बेहतर जॉब और बिजनेस का मौका मिल रहा है। कोर्स में योग थैरेपी सिखाई जाती है। इससे हड्डी के तो सभी रोग दूर किए ही जा रहे हैं अस्थमा, थायराइड, ब्लड प्रेशर और अन्य बीमारियों में भी योग थैरेपी कारगर साबित हो रही है। इसके उपचार के लिए एक पैशंट से 8 से 10 हजार रुपए चार्ज किए जाते हैं। फुल टाइम थैरेपी से महीने में एक लाख रुपए तक कमा रहे हैं। योग में बीए और बीएससी शुरू होने से रोजगार और बिजनेस की नई संभावनाएं बनेंगी। इन कोर्स के बाद योग में एमए भी स्टूडेंट्स कर सकेंगे।

हर सेमेस्टर में चार पेपर और एक प्रेक्टिकल होगा

योग के डिग्री कोर्सेस का सिलेबस यूनिवर्सिटी के योग अध्ययनशाला ने तैयार किया है। इसमें प्रेक्टिकल के साथ ही थ्योरी है। दोनों कोर्स तीन साल अवधि के हैं। सुबह 8 से 12 बजे तक क्लास लगेगी। हर सेमेस्टर में चार पेपर और एक प्रेक्टिकल होगा।

कोर्स में एनाटॉमी फिजियोलॉजी पर ज्यादा जोर रहेगा। पहले सेमेस्टर की फीस 16800 रुपए होगी। यूनिवर्सिटी की वेबसाइट https://www.dauniv.ac.in/ पर आवेदन फॉर्म भरा जा सकता है। इसकी फीस 750 रुपए है। 12वीं करने वाले इसमें आवेदन कर सकते हैं। मेरिट के आधार पर संस्थान प्रवेश देगा।